

# साप्ताहिक सूचना पत्र



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## दिल्ली प्रवास

(दिनांक 29.06.21)

**विषय: दिल्ली प्रवास**



**निर्णय:** माननीय मुख्यमंत्री जी अपने दिल्ली प्रवास के दौरान हरियाणा के विभिन्न मुद्दों को लेकर केन्द्रीय पर्यटन मंत्री और केमिकल मंत्री से मिले। जिसके बाद विभिन्न मुद्दो पर सहमति बनी, जिसके तहत :–

- केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय कुरूक्षेत्र में बन रहे महाभारत के म्यूजियम के लिए आर्थिक मदद करेगा।
- हरियाणा के राखी गढ़ी और दिल्ली के बीच अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की दृष्टि से एक साईकिल ट्रेक बनाया जाएगा। जो दिल्ली को राखीगढ़ी से जोड़ेगा।
- कृष्णा सर्किट के फेज–2 को डेवलपमेंट और इसके कार्य में तेजी लाने के लिए पर्यटन मंत्रालय आर्थिक सहयोग करेगा।
- पर्यटन को बढ़ाने के लिए कालका से कालेसर तक एक साईकिल ट्रेक बनाया जाएगा।
- इसके अलावा 99 करोड़ की लागत से बनने वाले हैरिटजे सर्किट प्रोजेक्ट को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।

इसके साथ ही केमिकल मंत्रालय से हरियाणा की 145 एकड़ जमीन लेकर उस पर इण्डस्ट्री डेवलपमटें करने और शहरी विकास मत्रांलय की तरफ से दिल्ली–पानीपत RRTS को करनाल तक बढ़ाने के लिए भी सैद्धांतिक सहमति दी गई।

## शहरी निकाय स्वामित्व योजना और जनसहायक ऐप


(दिनांक 30.06.21)



**विषय: शहरी निकाय स्वामित्व योजना और जनसहायक ऐप की शुरूआत।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शहरी निकाय से संबंधित एक महत्वपर्ण योजना और गुड गवर्नेंस की दृष्टि से जनसहायक ऐप का शुभारभं किया। जिसकी जानकारी प्रेस के माध्यम से प्रदेशवासियों को दी गई।

- शहरी निकाय स्वामित्व योजना के तहत अब शहरी निकायों से संबंधित सम्पत्ति जो 20 साल से ज्यादा किसी व्यक्ति के पास लीज



# साप्ताहिक सूचना पत्र

अथवा किराए पर है उसको उसका मालिकाना हक मिल सकेगा।

- इसके लिए ULB डिपार्टमेंट की ओर से online portal बनाया गया है जिस पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा।
- हर सप्ताह 1000 लागे रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। यह प्रक्रिया हर सप्ताह चलती रहेगी।
- सम्पत्ति के मालिकाना हक के लिए लीजधारक अथवा किराएदार को वर्तमान DC रेट के हिसाब से भुगतान करना होगा। जिसमें उसे 20, 30, 50 प्रतिशत की छूट पॉलिसी के नियमों के हिसाब से दी जाएगी।
- यह योजना 1 जुलाई 2021 से शुरू कर दी जाएगी।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने जनसहायक ऐप को भी लाचं किया:–

- यह ऐप google play store से डाउनलोड की जा सकेगी।
- हरियाणा सरकार के किसी भी विभाग की किन्ही भी योजनाओं का लाभ अब इस ऐप के जरिए लिया जा सकेगा।
- इस ऐप में रोजगार से जुड़ी सूचनाएं और सरकार से संबंधित निर्णय भी देखे जा सकेंगें।
- इसके माध्यम से हरियाणा सरकार की सभी ऑनलाइन सेवाओं का लाभ नागरिकों को एक ही जगत मिल जाएगा।

यह ऐप आम नागरिकों के लिए न केवल सरकारी सेवाओं को सुलभ बनाएगी बल्कि प्रकिया को भी आसान कर देगी।

## वाटर सप्लाई औस सिवरेज बोर्ड

(दिनांक 30.06.21)




**विषय: वाटर सप्लाई औस सिवरेज बोर्ड।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा वाटर सप्लाई और सिवरेज बार्ड की मीटिंग ली गई जिसमें कई महत्वपर्णू निर्णय लिए गए :–

- अब गांव का गंदा पानी सीधे तालाबों में नही डाला जाएगा, उसे साफ करने उपरांत ही तालाबों में डाला जाएगा।
- सभी STP प्लांट को सोलर सिस्टम पर शिफ्ट किया जाएगा। महाग्राम के सभी प्रोजेक्ट बनाने के बाद विभाग पंचायतों के हवाले करेंगे नहीं उसकी देखरेख करेगीं।
- हर गांव के लिए ग्रे–वाटर ट्रीटमेंट प्लान बनाया जाएगा।

इसके अतिरिक्त एक सबसे महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि किसी भी सड़क, गली, नाली बनने के दौरान ही वहां पर सीवरेज और पानी की पाईपलाइन डाली जाएगी, गली बनने के बाद सड़क को नहीं खोदा जा सकेगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों के साथ बैठक
(दिनांक 30.06.21)



**विषय: मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने सुशासन सहयोगियों के साथ बैठक की। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी सहयोगियों के कार्यों को सराहा और उनके आगे के जीवन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीः–

- यह CMGGA का 5वां बैच था जिसने अपने एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया सभी सुशासन सहयोगियों ने यह अवसर प्रदान करने और हरियाणा के लिए काम करने का अवसर प्रदान करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया।
- ज्ञातव्य है कि सुशासन सहयोगियों का अगला बैच जुलाई अंत तक आएगा जो अगस्त में सभी जिलों में ज्वाईन करेंगे।


## मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक
(दिनांक 01.07.21)

**विषय: मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी अपनी महत्वाकांक्षी अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा की जिसके तहत निर्णय लिया गया कि :–



- 1 लाख रूप्ये से कम आमदनी वाले परिवारों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें आय के साधन मुहिया कराए जाएंगे।
- इसके लिए 6 विभाग सोशल जस्टिस, डेवलपमेंट एवं पचांयत, स्किल्स, इण्डस्ट्री, रोजगार और एनिमल हसबैंडरी को मिलाकर एक समन्वय कमेटी बनाई गई है।
- यह कमेटी जिला स्तर पर चयनित लोग जिसकी आमदनी 1 लाख रूप्ये से कम है उन्हें योग्यता के आधार पर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़कर या कार्य देकर आमदनी के साधन मुहिया करवाएगी।
- इस योजना के तहत चयनित हुए पहले 1 लाख लोगों को आमदनी के साधन देकर अगले लोगों को योजना के साथ जोड़ा जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## वालेंटिर्यस प्रोग्राम की समीक्षा

(दिनांक 01.07.21)



**विषय: वालेंटिर्यस प्रोग्राम की समीक्षा।**

**निर्णय:** स्वेच्छा और समर्पण की दृष्टि से कार्य करने वाले लोगों को सरकार के साथ जोडने़ के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने वालेंटिर्यस प्रोग्राम की शुरूआत की जिसकी आज समीक्षा बैठक ली गई :–

- इस प्रोग्राम में युवाओं के साथ–2 बुजुर्ग, रिटायर्ड कर्मचारी तथा अन्य लोग जो किसी भी कार्य में सहयोग देना चाहते हैं वह जुड़ सकेंगे।
- इस प्रोग्राम से जुड़ने के लिए एक रजिस्ट्रेशन पोर्टल बनाया जाएगा। जिसके माध्यम से व्यक्ति स्वयं को रजिस्टर कर सकता हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रोग्राम के माध्यम से सरकार के साथ जुड़कर समाज के लिए समर्पण भाव से कुछ करने वाले लोगों को एक मंच मिलेगा ओर युवाओं में समाज से लेने की बजाए समाज को कुछ देने की भावना का विकास होगा।

## विक्टोरिया हॉल करनाल का जिर्णोद्धार

(दिनांक 02.07.21)

**विषय: विक्टोरिया हॉल करनाल का जिर्णोद्धार।**

**निर्णय:** आज करनाल के विक्टोरिया मेमोरियल हाल के जिर्णोद्धार के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि :–

- आर्कियोलाजिकल विभाग इस हॉल में म्यूजियम का निमार्ण करेगा जो महाभारत काल से लेकर गांधी जी के इस हॉल में आगमन तक करनाल से जुड़ी विभिन्न घटनाओं की थीम पर आधारित होगा।




- इस हॉल के माध्यम से कर्ण नगरी करनाल के ऐतिहासिक महत्व को लोगों के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।
- यह करनाल में ऐतिहासिक महत्व का न केवल पुरातात्विक स्थल बल्कि एक पर्यटन स्थल भी होगा।